महत्वपूर्ण एवं खास

नए संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभाला पदभार

रायपुर (आरएनएस)। विगत दिनों प्रदेश में आईएएस अधिकारियों सहित विभिन्न जिलों के कलेक्टर का तबादला हुआ है इसके साथ ही संभागीय अधिकारियों के भी तबादले किए गए है। वहीं विगत दिनों हुए आईएएस ट्रांसफर सूची के अनुसार रायपुर संभाग की कमान अब आईएएस महादेव कांवरे के हाथों में हैं। वहीं अब रायपुर संभाग के संभागायुक्त के तौर पर महादेव कांवरे ने शुक्रवार को संभागीय कार्यालय पहुंचकर पदभार भी ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने संभागायुक्त महादेव कांवरे को शुभकामनायें और बधाई अर्पित की है।

अंडर ब्रिज लबालब हजारों नागरिक हो रहे परेशान

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश की राजधानी में लगातार हो रही अच्छी बारिश के चलते कई इलाके जल मग्न हो गए हैं. शुक्रवार देर रात शरु हुई बारिश लगातार दूसरे दिन भी जारी है. ऐसे में रायपुर के कई इलाकों में पानी भर गया है. जलभराव के चलते स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.रायपुर के गुढियारी में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे दो फीट से ऊपर पानी भर गया है. जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है. वहीं प्रोफेसर कॉलोनी सहित शहर के की इलाकों में जलभराव की समस्या देखने को मिल रही है. बरसात के कारण नालियों का पानी सडक़ों पर आ गया है. स्थानीय लोग गंदे पानी से भरे सडक़ से होकर गुजरने के लिए मजबूर हो गए है. मौसम विभाग ने शनिवार को भी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश की संभावना जताई है. ऐसे में इन इलाकों में जलभराव की स्थिती बने रहने से लोगों की समस्याएं भी बढ़ सकती है. गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

डीईओ के ठिकानों पर एसीबी की रेड

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के कई ठिकानों पर दबिश दी है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में म टीम ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा उनके कवर्धा स्थित ठिकानों पर भी कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आय से अधिक संपत्ति की जानकारी मिलने के बाद एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने बिलासपुर के नूतन कॉलोनी स्थित निवास में दबिश दी है। इसके अलावा कई अन्य ठिकानों पर भी अधिकारी पहुंचे हुए हैं। 10 से 15 सदस्यीय टीम इस कार्रवाई में शामिल है। रिकॉर्ड, दस्तावेजों व संपत्ति की जानकारी ले रहे हैं।

बाइक सवार तीन युवक खड़ी ट्रेलर से टकराएं, एक की मौत

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां भिलाई के कुर्सी पार गेट के सामने साइड में खड़ी ट्रेलर से बाइक सवार टकरा गए बाइक में तीन लोग सवार थे और ये बाइक सवार भिलाई से कुर्सी पार की ओर जा रहे थे। इसी बीच जब बाइक ट्रेलर से टकराती उसके पहले ही पीछे बैठा बाइक सवार चलती बाइक से कूद गया। जिसके कारण पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सुपेला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दुर्ग के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले पर कुर्सी पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है तो वही विवेचना भी की जा रही है।

प्रदेश के छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि होगी

❐ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने कन्या आश्रम में रोपा रामफल का पौधा

राजनांदगांव। आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज आरंग में पाँच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ किया। पाँचो छात्रावासों के शुरू हो जाने से अनुसूचित जाति की तीन सौ कन्याओं की अपनी पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। इन छात्रावासों की लागत आठ करोड़ छह लाख रुपये से ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 100 सीटर लागत 174.67 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मंदिर हसौद, 50 सीटर लागत 174.67 लाख, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम आरंग 50 सीटर लागत 162.76 लाख, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आश्रम 50 सीटर लागत 162.76 लाख, नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 50 सीटर लागत 152.97 लाख रूपए का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रामफल के पौधे का रोपण किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने माइनर नगर वितरक शाखा क्रमांक-एक पोढ़ापार रसोटा तुलसी केशला के जीर्णोद्धार, आरंग एसडीएम और तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास के निर्माण, आरंग रेस्ट हाउस का विस्तार और जीर्णोद्धार करने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक गुरू खुशवंत साहेब की मांग पर भण्डारपुरी गुरुद्वारा परिसर के निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये की मंज़ूरी भी दी गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्रावास के लोकार्पण कर छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इन भवनों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की हमारी बेटियां सुविधापूर्ण तरीके से अपनी शिक्षा को जारी रख सकेंगी और अच्छी तरह पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और हमारे प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि उससे भी बढक़र एक आदर्श समाज की नींव है। किसी भी कार्य को अच्छी तरह कर पाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान होता है। 15 साल प्रदेश में डॉ. रमन सिंह की सरकार रही, इन 15 सालों में प्रदेश में शिक्षा के विकास के लिए अनेक कार्य हुए। उस समय हमारे प्रदेश के शैक्षणिक संस्थान टॉप में रहे। उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 10 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के साथ विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार को कुछ ही माह हुए हैं इतने कम समय में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रदेश की जनता को दी गई गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इस क्रम में आरंग विधानसभा के विकास के लिए भी हमने कम समय में 17 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। पीएम योजना में छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों को शामिल किया गया है। इन स्कूलों के विकास के लिए केंद्र सरकार से 02 करोड़ रूपए का बजट मिलेगा, जिसका उपयोग स्कूल में अच्छे शिक्षकों की उपलब्धता, शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाकर आईएएस, आईपीएस परीक्षा की तैयारी करने वाले एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए दिल्ली में निर्धारित हॉस्टल में सीटों की संख्या की बढ़ोतरी करते हुए उसे 200 किया गया है।

मंत्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार समाज के बेहतरी, उत्थान और विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इन कन्या छात्रावासों के शुभारंभ से छात्राओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में भवन विहीन 180 छात्रावासों के बिल्डिंग निर्माण की स्वीकृति मिली है। वर्तमान में 180 में से 121 भवन के निर्माण के लिए 210 करोड़ रूपए का टेंडर भी लगा दिया गया है। 69 छात्रावास बिल्डिंग निर्माण के लिए निविदा भी अपलोड की जा रही है। प्रदेश के 295 भवनविहीन छात्रावास और आश्रम के भवन निर्माण के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नेताम ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने खराब स्थिति वाले छात्रावास के मेंटेनेंस कर उन्हें सर्वसुविधा युक्त बनाने का भी कार्य कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल और अनुकूल सुविधाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। एसटी-एससी वर्ग के लिए छात्रावासों आश्रमों में निर्धारित संख्या 3757 है, जिनमें 1,97,000 सीटें है। कई जगहों में आश्रम छात्रावासों में भर्ती की प्रक्रिया भी जारी है। प्रदेशभर में हमने नवीन एकलव्य विद्यालय भी खोले हैं।

उल्लेखनीय है कि इन छात्रावास-आश्रमों में अनुसूचित जाति की छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रवेश दिया जाएगा, जहाँ रहकर वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगी। छात्रावासों में सुसज्जित शयन कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, क्लास रूम्स सहित भोजन कक्ष और पर्याप्त संख्या में शौचालय तथा स्नानागार बनाये गये है। भवनों में बिजली-पानी की भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

आगजनी-तोड़फोड़ में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-रायपुर। आरएनएस

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा बलौदाबाजार नगर में घटित तोडफ़ोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नितेश उर्फ निक्कू टंडन, दुष्यंत टंडन उर्फ बिट्टू एवं संतोष भारती शामिल हैं। अब तक बलौदाबाजार में तोडफ़ोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 176 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दिनांक 10.06.2024 को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोडफ़ोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोडफ़ोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन करने वाले, पत्थरबाजी करने एवं तोडफ़ोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। जिसके तहत पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.08.2024 को प्रकरण में शामिल 03 आरोपियों को पकडा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बलौदाबाजार निवासी नितेश उर्फ निक्कू टंडन भी शामिल है, जिसे माननीय न्यायालय से न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है।। इसके साथ ही 02 अन्य आरोपी में ग्राम लिमतरा निवासी दुष्यंत टंडन उर्फ बिट्टू एवं खुर्सीपार भिलाई निवासी संतोष भारती को भी पकड़ा गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में आज दिनांक 02.08.2024 तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोडफ़ोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 176 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी -

1. नितेश उर्फ निक्कू टंडन उम्र 20 वर्ष निवासी लटुवा रोड पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
2. दुष्यंत टंडन उर्फ बिट्टू उम्र 25 साल निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा
3. संतोष भारती उम्र 25 वर्ष निवासी खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग

60 वर्षीय मनु लाल सिंह पैदल निकले बाबा धाम में जल चढ़ाने

रामानुजगंज। आरएनएस

मध्य प्रदेश के अनूपपुर के रहने वाले मनु लाल सिंह उम्र 60 वर्ष का भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा है। 700 किलोमीटर की दूरी तय करके झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए नर्मदा नदी से जल लेकर निकले हैं इस दौरान हुए रामानुजगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में रुके जहां उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा भाव की जमकर सराहना करते हुए कहा कि अनूपपुर से रामानुजगंज के सफर में 350 किलोमीटर के सफर में ऐसी सेवा भावना कहीं देखने को नहीं मिली।

ग्राम अनूपपुर के पूर्व पत्रकार 60 वर्षीय मनु लाल सिंह 29 जुलाई को अपने घर से चले थे एवं नर्मदा के उद्गम स्थल से जल उठाकर पैदल बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकले एवं आज छठवें दिन रामानुजगंज में शाम 6 के करीब पहुंचे। उनका शिव भगवान के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा था। एक ओर क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही थी वही नंगे पैर उनके कदम रुक नहीं रहे थे। प्रतिदिन उनके द्वारा 60 से 70 किलोमीटर की यात्रा तय की जा रही है।

हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण कोर्स हेतु एसटी एससी युवाओं से 8 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़ बिलाईगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण कोर्स हेतुअब आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी कर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति (एसटी-एससी) युवक युवती से 08 अगस्त 2024 की शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। अधिक जानकारी वेबसाइट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ में उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण हेतु कुल 100 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। बजट की उपलब्धता के आधार पर यह परिवर्तनशील होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम तथा नौकरी, व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रशिक्षण आवासीय है। प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं को छात्रावास और मेस के सुविधा निशुल्क होगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण देने वाले संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट में प्रशिक्षण से संबंधित जॉब उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र विचार नहीं किया जाएगा। हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत यह निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। राजभवन, सीएम सचिवालय सहित कई विश्राम गृह और निजी होटल में संबंधित पद के नौकरी हेतु यह कोर्स निर्धारित योग्यता है।

यात्री ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर कांग्रेस ने रेल मंत्री के नाम सक्षम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ में यात्री ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रेल मंत्री के नाम सक्षम अधिकारों को विधायक ओमकार साहू, महापौर विजय देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, पवन यादव, कुणाल यादव, पंकज चन्द्राकर, उदय गुरु, लक्की साहू ने ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को पिछले चार सालों से अचानक रद्द करने का सिलसिला चल पड़ा है। वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोडऩे के नाम पर रद्द कर दिया गया है। खबर है 4 अगस्त से 19 अगस्त के बीच 72 यात्री ट्रेने प्रभावित रहेगी। रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे समय में जब देश का प्रमुख त्योहार रक्षाबंधन है, छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार हरेली है। इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है। रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो इसके लिये काम की समय सारणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये जिससे यात्री सुविधायें बाधित न हो।

पिछले चार वर्षों से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों को बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेको बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की इस मनमानी से परेशान होते है। त्योहारों, छुट्टियों, शादी ब्याह के सीजनों में रेल्वे बिना बताए, बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेल्वे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है। जबकि उन्ही ट्रेको पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया है। रेल्वे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही उससे स्पष्ट हो रहा की रेल्वे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाडिय़ों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही।

गंगरेल बांध में जलस्तर खतरे के निशान के करीब

रायपुर। आरएनएस

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े गंगरेल बांध के सभी 14 गेट दो शाम छह बजकर 58 मिनट में खोले गए। यहां से 1400 क्यूसेक पानी बहाकर ट्रायल किया गया। ट्रायल के कुछ समय बाद गंगरेल बांध के सभी गेट बंद कर दिए गए है। गंगरेल बांध में लगातार पानी की अच्छी आवक होने से जलभराव खतरे के निशान के समीप है। अंचल में हो रही अच्छी वर्षा से कैचमेंट क्षेत्र में पानी की आवक बढ़ते ही गंगरेल बांध के गेट शीघ्र ही खोलने की संभावना बनी हुई है। बांध को लबालब भरने के लिए अब सिर्फ चार टीएमसी पानी की जरूरत है। धमतरी व कांकेर जिले में अनवरत वर्षा हुई, इससे गंगरेल बांध के कैचमेंट क्षेत्र से पानी की आवक शुरू हो गई। इसके बाद से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। पिछले 13 दिनों के भीतर गंगरेल बांध में कुल 21 टीएमसी से अधिक पानी कैचमेंट क्षेत्र से आ चुका है, इससे बांध लबालब भरने के करीब पर है। गंगरेल बांध की क्षमता 32.150 टीएमसी है। गंगरेल बांध में अपनी कुल जलभराव क्षमता से वर्तमान में 27.907 टीएमसी पानी भर चुका है और बांध में पानी की आवक 4008 क्यूसेक बनी हुई है। उपयोगी जल बांध में 22 टीएमसी से अधिक है। गंगरेल बांध अपनी क्षमता के 84 प्रतिशत भर चुका है। बांध का लेवल 347.44 मीटर है, जो खतरे के निशान के काफी करीब है। गंगरेल बांध का अंतिम जलभराव लेवल 348.70 मीटर है।

बांध में पर्याप्त जलभराव होने के बाद यहां शुक्रवार को शाम बांध के गेट क्षेत्र में हुए निर्माण कार्यों के बाद बांध के सभी 14 गेट खोलकर 1400 क्यूसेक पानी बहाया और अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रायल किया गया। इस दौरान बांध के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बांध के सभी गेटों से बेहतर ढंग से पानी निकलने के थोड़ी देर बाद सभी गेटों को बंद कर दिया गया है। सभी गेटों से पानी छोडऩे का ट्रायल सफल रहा।

जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के मुरूमसिल्ली बांध में वर्तमान में 4.271 टीएमसी पानी भरा हुआ है और पानी की आवक 243 क्यूसेक हो रही है। इसी तरह दुधावा बांध का जलभराव करीब पौने टीएमसी हो चुका है और बांध में 1200 क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। सोंढूर बांध का जलभराव 5.221 टीएमसी हो चुका है, जो अपनी क्षमता के कुल 71 प्रतिशत से अधिक भर चुका है। बांध में लगातार 613 क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है।

जिले के चिरायु टीम स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में कर रही नियमित स्वास्थ्य परीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर जिले के समस्त सात चिरायु टीम अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम समस्त स्कूलों में कर रही है। अप्रैल से सितंबर तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रथम बार और अक्टूबर से मार्च तक द्वितीय बार स्वास्थ्य परीक्षण करती है। अभी लगभग सभी टीमो ने आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रथम भ्रमण पूरा कर लिया है। इसके साथ ही अप्रैल से मार्च तक पुरे सत्र में एक बार स्कूलों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है, जो लगातार जारी है। इस सत्र अप्रैल से जुलाई 2024 तक जिले भर के कुल आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 1114 में कुल दर्ज बच्चे 56632 में से 51364 बच्चों की जांच हुई है। इसी तरह जिले में कुल स्कूलों की संख्या 1389 जिनमे दर्ज बच्चे 86059 में से 8866 बच्चों का स्वास्थ्य जांच टीम ने किया है। आंगनबाड़ी व स्कूल सभी के जांचोपरांत कैटेगरी "ए" के तहत 16 बच्चे चिन्हांकन के पश्चात 6 बच्चों का ईलाज हुवा है, कैटेगरी "बी" के तहत 1059 बच्चों के चिन्हांकन होकर 1052 बच्चों का ईलाज हुवा है, कैटेगरी "सी" के तहत 936 बच्चों के चिन्हांकन के बाद 930 बच्चों का ईलाज पूर्ण तथा कैटेगरी "डी" के अंतर्गत 2558 बच्चों के चिन्हांकन पर 2550 बच्चों का ईलाज हो पाया है। कुल 31 बच्चों का ईलाज अभी लम्बित है, जिनको ईलाज हेतु अपने स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में सभी चिरायु टीम अपने रुट प्लान के तहत पूरी शिद्दत से यह कार्य कर रही है। सामान्य व जटिल बीमारियों से ग्रसित चिन्हित बच्चों का ईलाज भी टीम अपने अधीनस्थ व अधिकृत अस्पतालों में करवाती है। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही साथ स्वास्थ्य शिक्षा भी टीम के द्वारा उपस्थित बच्चों को दिया जाता है। जनजागरुकता से कई प्रकार के बीमारियों से बचा जा सकता है इस हेतु जिले की चिरायु टीम बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके, तम्बाकू के दुष्प्रभाव, विटामिन (ए) की कमी हेतु - चल रहे शिशु संरक्षण माह में विटामीन ए घोल पिलाना, एनीमिया (रक्ताल्पता), बेटियों को माहवारी शिक्षा (महिला डॉक्टर के द्वारा), जन्मजात विकृति व उनके ईलाज, सिकल सेल प्रबंधन जांच व ईलाज, कुष्ठ की पहचान व ईलाज, टी बी के लक्षण, पहचान व ईलाज, फाइलेरिया (हाथी पॉव) की पहचान व बचाव, दृष्टि दोष के बारे में जानकारी,पहचान व ईलाज, आयरन व कृमि गोली के फायदे, मौसमी बीमारियों से बचने के तरीके, खान-पान के तरीके, स्टॉप डायरिया कैम्पेन - पहचान, बचाव व ईलाज आदि के बारे में विस्तृत चर्चा अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम सम्बंधित स्कूलों में करती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने जानकारी दी कि आगामी 6 अगस्त को पैरेंट्स टीचर मीटिंग का महाअभियान स्कूलों में होना है इसमें सभी टीम अपने प्लान के मुताबिक जाकर बच्चों, परिजनों व शिक्षकों के समक्ष स्वास्थ्य पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन करेंगे। समुदाय में फैलने वाले मौसमी बीमारियों की पहचान व बचाव के तरीके के बारे में स्वास्थ्य विभाग के मोबाईल टीम (चिरायु) के द्वारा जनजागरूकता किया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU